www.prepp.in

प्राथ. स्कूल परीक्षा - 2015

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / No. of Pages in Booklet 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / No. of Questions in Booklet 150

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No. 20663161

Prepp
Your Personal Exams Guide

**SUBJECT CODE – 16**

# LS - 61

विषय / SUBJECT : Economics

परीक्षा दिनांक 25/7/16

**समय : 3.00 घण्टे**
**Time : 3.00 Hours**

**अधिकतम अंक : 300**
**Maximum Marks : 300**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**
2. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल नीले बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** (गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।)
8. **प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पॉलिथीन बैग/सील को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**
9. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
10. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 अंक कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
11. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **Answer all questions.**
2. **All questions carry equal marks.**
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with blue ball point pen only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** (A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.)
8. **The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the polythene bag/seal. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**
9. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
10. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. 5 Marks can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
11. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

***Warning :*** *If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.*

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

**16**

www.prepp.in

1. पूंजीवाद वह प्रणाली है जिसमें निम्न लक्षण निहित होते हैं :
   (1) सरकार की भूमिका का नितांत अभाव
   (2) संपत्ति का अधिकार
   (3) उत्तराधिकार का अधिकार
   (4) उपरोक्त सभी

2. निम्न में से किसने उपभोक्ता व्यवहार की गणनावाचक उपयोगिता अवधारणा का प्रतिपादन किया था ?
   (1) अल्फ्रेड मार्शल
   (2) जे.आर. हिक्स
   (3) जे.ए. शुम्पीटर
   (4) आर.जी.डी. एलन

3. उपभोक्ता व्यवहार के क्रमसूचक उपयोगिता अवधारणा के संदर्भ में उपभोक्ता को किस स्थिति में अधिकतम संतुष्टि प्राप्त होगी ?
   (1) $\frac{P_x}{P_y} = \frac{MU_x}{MU_y}$
   (2) $\frac{P_x}{P_y} < \frac{MU_x}{MU_y}$
   (3) $\frac{P_x}{P_y} > \frac{MU_x}{MU_y}$
   (4) इनमें से कोई नहीं

4. अर्थशास्त्र में माँग में निम्न लक्षण होने चाहिए :
   (1) वह मात्रा जिसे उपभोक्ता निर्दिष्ट कीमत पर ख़रीदता है ।
   (2) वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा
   (3) वस्तु को खरीदने की इच्छा तथा कीमत चुकाने की तत्परता
   (4) खरीदने की इच्छा, चुकाने की तत्परता तथा आय की पर्याप्तता

5. माँग की लोच से निम्न तात्पर्य है :
   (1) कीमत में परिवर्तन होने पर माँग में परिवर्तन हो ।
   (2) आय में परिवर्तन होने पर माँग में परिवर्तन हो ।
   (3) किसी सम्बद्ध वस्तु की कीमत में परिवर्तन होने पर माँग में परिवर्तन हो ।
   (4) उपरोक्त सभी

1. Capitalism is a system characterised by the following features :
   (1) Total absence of government role
   (2) Right to Property
   (3) Right to Inheritance
   (4) All the above

2. Who among the following gave the cardinal utility approach to consumer behaviour ?
   (1) Alfred Marshall
   (2) J.R. Hicks
   (3) J.A. Schumpeter
   (4) R.G.D. Allen

3. In respect of ordinal utility approach what would be the condition for consumer getting maximum satisfaction ?
   (1) $\frac{P_x}{P_y} = \frac{MU_x}{MU_y}$
   (2) $\frac{P_x}{P_y} < \frac{MU_x}{MU_y}$
   (3) $\frac{P_x}{P_y} > \frac{MU_x}{MU_y}$
   (4) None of these

4. In economics, demand has the following attributes :
   (1) Quantity which a consumer buys at a given price.
   (2) A desire to have a good.
   (3) A desire to buy and willingness to pay.
   (4) A desire to buy, willingness to pay, backed by income.

5. Elasticity of demand refers to
   (1) Responsiveness of demand to a change in price
   (2) Responsiveness of demand to a change in income
   (3) Responsiveness of demand to a change in the price of a related product
   (4) All the above

www.prepp.in

6. यदि X तथा Y दो पूरक वस्तुएँ हैं, तो Y की कीमत कम होने पर X की माँग पर क्या प्रभाव होगा ?
(1) यह कम हो जाएगी ।
(2) यह बढ़ जाएगी ।
(3) यह स्थिर रहेगी ।
(4) यह शून्य हो जाएगी ।

7. यदि कीमत में कमी होने पर, संबद्ध वस्तु पर होने वाला व्यय बढ़ जाता है, तो ऐसी वस्तु की माँग की कीमत लोच
(1) बहुत अधिक होगी । (2) इकाई से कम होगी ।
(3) शून्य होगी । (4) अनिर्णीत होगी ।

8. गिफिन वस्तु वह है जिसकी माँग
(1) कीमत में वृद्धि के साथ बढ़ती है ।
(2) कीमत में वृद्धि के साथ कम होती है ।
(3) कीमत में कोई भी परिवर्तन होने पर यथावत् रहती है ।
(4) इनमें से कोई नहीं ।

9. पूर्ण प्रतियोगिता में फर्मों के लिये बाजार में कीमतों का निर्धारण कौन करता है ?
(1) फर्में (2) उद्योग
(3) खरीददार्ता (4) सरकार

10. एडम स्मिथ की पुस्तक "राष्ट्रों के धन की प्रकृति एवं कारणों की खोज" किस वर्ष में प्रकाशित हुई ?
(1) 1677 (2) 1767
(3) 1776 (4) 1676

11. यदि साधनों की मात्रा तथा प्रौद्योगिकी अपरिवर्तनीय रहें, तब X के उत्पादन में वृद्धि होने पर उत्पादन संभावना वक्र का स्वरूप कैसा होगा ?
(1) यह मूल बिंदु से नतोदर होगा ।
(2) यह ऋणात्मक ढाल के साथ रैखिक होगा ।
(3) यह क्षैतिज होगा ।
(4) यह वर्द्धमान ढलानयुक्त होगा ।

6. Given that X and Y are two complementary goods, if price of Y falls, how would demand for X change ?
(1) It will fall.
(2) It will increase.
(3) It will remain constant.
(4) It will become zero.

7. If with a fall in price, expenditure on the good increases, price elasticity of such product will be
(1) very high (2) less than unity
(3) zero (4) Indeterminate

8. Giffin good is that product whose demand
(1) Rises with increase in price
(2) Falls with increase in price
(3) Remains unchanged with any change in prices
(4) None of the above

9. Under perfect competition, who decides the price in the market for firms ?
(1) Firms (2) Industry
(3) Buyers (4) Government

10. Adam Smith's book "An Enquiry into the nature and causes of Wealth of Nations" published in the year
(1) 1677 (2) 1767
(3) 1776 (4) 1676

11. If resource endowments and technology remain unchanged, and output of X increases, what would be the shape of production possibility curve ?
(1) It will be concave to the origin.
(2) It will be linearly downward sloping.
(3) It will be horizontal.
(4) It will be positively sloped.

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

12. अर्थशास्त्र में उत्पादन का इष्टतम स्तर वहाँ है जहाँ

(1) दीर्घकालीन औसत लागत (LAC) न्यूनतम है तथा LAC = LMC

(2) दीर्घकालीन औसत लागत (LAC) न्यूनतम है तथा LMC > LAC

(3) LMC न्यूनतम है तथा LMC < LAC

(4) LAC तथा LMC दोनों न्यूनतम हैं ।

13. पूर्ण प्रतियोगिता बाज़ार की वह स्थिति है जिसमें

(1) फर्मों की संख्या बहुत अधिक हो ।

(2) सभी फर्में समरूपी वस्तुएँ बनाती हों ।

(3) नई फर्मों का प्रवेश निर्बाध हो ।

(4) उपरोक्त सभी शर्तें पूरी होती हो ।

14. उत्पादन की परिवर्तनशील लागत में निम्न में से कौन शामिल नहीं होता है ?

(1) उत्पाद शुल्क

(2) परिवहन लागत

(3) स्थिर पूँजी पर ब्याज

(4) मजदूरी

15. निम्नलिखित में से कौन सा मुद्रा का महत्त्वपूर्ण कार्य नहीं है ?

(1) यह विनिमय का एक माध्यम है ।

(2) यह मूल्य का एक मापक है ।

(3) यह बैंकिंग क्रियाओं का आधार है ।

(4) यह स्थगित भुगतानों का माध्यम है ।

16. इनमें व्यावसायिक बैंक कौन सा कार्य नहीं करते ?

(1) साख का सृजन करना ।

(2) साख का नियंत्रण करना ।

(3) व्यापार तथा उद्योग हेतु ऋण प्रदान करना ।

(4) ग्राहकों की ओर से चैकों का समाशोधन करना ।

12. In economics, optimum scale of production implies that level of output where

(1) Long Run Average Cost (LAC) is minimum and LAC = LMC

(2) LAC is minimum and LMC > LAC

(3) LMC is minimum and LMC < LAC

(4) Both LAC and LMC are minimum

13. Perfect competition is that market situation in which

(1) There are large number of firms.

(2) All firms produce identical products.

(3) Entry of new firms is unrestricted.

(4) All the above conditions prevail.

14. Which of the following is not included in the variable cost of production ?

(1) Excise duty

(2) Transportation cost

(3) Interest on fixed capital

(4) Wages

15. Among the following which is not an important function of money ?

(1) It is a medium of exchange.

(2) It is a measure of value.

(3) It is a basis of banking operations.

(4) It is a mode of deferred payments.

16. Which is not a function of a commercial bank ?

(1) Creation of credit

(2) Control of credit

(3) Lending funds for trade and industry

(4) Clearing cheques on behalf of customers

17. फिशर के मुद्रा परिमाण सिद्धान्त में, निम्न में से कौन सा समीकरण मुद्रा की पूर्ति को व्यक्त करता है ?
(1) M' V'
(2) MV
(3) MV + M' V'
(4) जनता के पास करेंसी तथा बैंकों के पास जमाएँ

18. किसी भी सरकार के राजस्व घाटे का निम्न तात्पर्य है :
(1) राजस्व आय की अपेक्षा राजस्व व्यय का आधिक्य
(2) सरकार द्वारा लिए गए शुद्ध ऋण
(3) राजस्व व्यय तथा शुद्ध ऋण
(4) सरकार का सकल घाटा

19. भारत के व्यापार घाटे का निम्न तात्पर्य है :
(1) हमारे आयात अनवरत रूप से निर्यातों से कम हैं ।
(2) निर्यातों की वृद्धि दर निराशाजनक रही है ।
(3) हमारे व्यापारिक भागीदार समर्थवान हैं ।
(4) अनवरत रूप से हमारे निर्यात आयातों से कम हैं ।

20. भुगतान संतुलन का आकलन निम्न प्रकार से किया जाता है :
(1) वस्तु का व्यापार, अदृश्य व्यापार, बाह्य सहायता तथा बैंकिंग सेवाएँ
(2) वस्तु का व्यापार, अदृश्य व्यापार तथा पूँजी खाते की शुद्ध बाकी ।
(3) निर्यात, आयात, बाह्य सहायता तथा व्यावसायिक ऋण
(4) निर्यात, आयात, बाह्य सहायता, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश तथा संस्थागत पूँजी निवेश

17. Which of the following equation depicts supply of money in the Fisher's quantity theory of money ?
(1) M' V'
(2) MV
(3) MV + M' V'
(4) Currency with public and deposits with banks

18. Revenue deficit of any government depicts the following :
(1) Excess of revenue expenditure over revenue receipts.
(2) Net Borrowing of the government
(3) Revenue expenditure plus net borrowing
(4) Overall deficit of the government

19. Deficit balance of trade in India implies that
(1) Our imports are consistently lower than exports.
(2) Growth rate of exports has been dismal.
(3) Our trading partners are dominant.
(4) Consistently our exports have been lower than imports.

20. Balance of Payments of a country is computed on the basis of
(1) Merchandise trade, invisible trade, external assistance and banking transactions.
(2) Merchandise trade, invisible trade and net transaction on capital account.
(3) Exports, imports, external assistance and Commercial borrowings.
(4) Exports, imports, external assistance, FDI and portfolio investment.

www.prepp.in

21. 2011-12 में भारत में गरीबी की रेखा से नीचे कितने प्रतिशत जनता थी ?
(1) 37.2 प्रतिशत (2) 30.0 प्रतिशत
(3) 21.9 प्रतिशत (4) 17.5 प्रतिशत

22. किसी देश में विषमताओं का माप लेने हेतु कौन सी विधि प्रयुक्त की जाती है ?
(1) गिनी गुणांक
(2) सामान्य वितरण विधि
(3) प्रायिकता अनुपात
(4) इनमें से कोई नहीं

23. भारत की बारहवीं पंचवर्षीय योजना में किस सेक्टर के लिए सर्वाधिक आबंटन किया गया है ?
(1) सामाजिक सेवाएँ
(2) ऊर्जा
(3) कृषि तथा ग्रामीण विकास
(4) उद्योग तथा खनिज

24. अंकगणितीय माध्य को निम्न प्रकार से ज्ञात किया जाता है :
(1) समंकों की श्रेणी का मध्य बिन्दु
(2) विषम श्रेणीकृत अंतरालों में सर्वाधिक आवृत्ति वाली संख्या
(3) सभी समंकों के योग में संख्या से भाग देकर ।
(4) सभी समंकों का कुल योग ।

25. बहुलक वह संख्या है जो
(1) बार-बार प्रस्तुत होती है ।
(2) अंकगणितीय माध्य जो संख्या से भारित हो ।
(3) आवृत्ति का रेखाचित्रीय माप है ।
(4) किसी श्रेणी का मध्य बिन्दु है ।

26. स्लटस्की थ्योरम बताती है कि कीमत में परिवर्तन होने पर इससे माँग पर होने वाले प्रभाव को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है
(1) निष्पक्ष प्रभाव तथा आय प्रभाव
(2) कीमत प्रभाव तथा प्रतिस्थापन प्रभाव
(3) प्रतिस्थापन प्रभाव तथा आय प्रभाव
(4) निष्पक्ष प्रभाव तथा प्रतिस्थापन प्रभाव

21. Percentage of population below poverty line in India in 2011-12 was
(1) 37.2 percent (2) 30.0 percent
(3) 21.9 percent (4) 17.5 percent

Prepp Your Personal Exams Guide

22. Which measure is used to analyse the extent of inequalities in any country ?
(1) Gini coefficient
(2) Normal distribution method
(3) Probability ratio
(4) None of these

23. Which sector has been given the highest allocation in India's XII Five Year Plan ?
(1) Social services
(2) Energy
(3) Agriculture and Rural Development
(4) Industries and Minerals

24. Arithmetic average may be defined as
(1) Mid-point in a series of data
(2) In case of unequal class intervals, it is the most repeated score
(3) Sum total of all data divided by number
(4) Sum total of all data

25. Mode refers to that score which
(1) Appears most frequently
(2) Arithmetic mean weighted by number
(3) Geometric measure of frequency
(4) Mid-point of a series

26. The Slutsky theorem suggests that the impact of price change on demand can be decomposed into
(1) Neutral effect and income effect
(2) Price effect and substitution effect
(3) Substitution effect and income effect
(4) Neutral effect and substitution effect

27. यह मान लीजिए कि D तथा S क्रमशः माँग तथा पूर्ति की मात्राएँ हैं, t वर्तमान अवधि का द्योतक है जबकि t + 1 एवं t – 1 भावी तथा विगत काल को प्रतीक हैं । माँग तथा पूर्ति के अंतरालयुक्त फलन क्या इस प्रकार होंगे ?

(1) $D_t = f(P_t)$, जबकि $S_t = f(P_{t-1})$

(2) $D_t = f(P_t)$, जबकि $S_t = f(P_t)$

(3) $D_{t+1} = f(P_t)$, जबकि $S_t = f(P_t)$

(4) $D_{t-1} = f(P_{t-1})$, जबकि $S_{t+1} = f(P_t)$

28. जोन रॉबिन्सन के मतानुसार बाज़ार में निम्न कारण से अपूर्णताएँ उत्पन्न होती हैं

(1) क्रेताओं के प्रति विक्रेताओं के मन में भिन्नता ।

(2) विक्रेताओं द्वारा प्रदत्त सुविधाओं में भिन्नता ।

(3) क्रेताओं की विभिन्न विक्रेताओं के लिए भिन्न प्राथमिकताएँ ।

(4) उपरोक्त सभी

29. निम्न में से किसने उपभोक्ता व्यवहार हेतु स्थायी आय परिकल्पना का प्रतिपादन किया ?

(1) जे.एम. कीन्स

(2) मिल्टन फ्रीडमैन

(3) ड्यूज़नबेरी

(4) जेम्स टोबिन

30. ब्याज़ की दर पर मुद्रा की कौन सी माँग निर्भर करती है ?

(1) अर्थव्यवस्था में व्यावसायिक सौदों का स्तर

(2) भविष्य की आकस्मिक आवश्यकताओं की माँग

(3) आर्थिक विकार का स्तर

(4) सट्टे का स्तर

27. Assuming that D and S are respectively quantities of demand and supply while t refers to present period, t – 1 and t + 1 respectively refer to previous and future periods. Lagged functions of D and S will be as follows :

(1) $D_t = f(P_t)$, while $S_t = f(P_{t-1})$

(2) $D_t = f(P_t)$, while $S_t = f(P_t)$

(3) $D_{t+1} = f(P_t)$, while $S_t = f(P_t)$

(4) $D_{t-1} = f(P_{t-1})$, while $S_{t+1} = f(P_t)$

28. According to Joan Robinson, a market has imperfections on account of

(1) Different attitudes of sellers for buyers

(2) Different facilities offered by sellers

(3) Different preferences of buyers for sellers

(4) All the above

29. Who propounded the Permanent Income Hypothesis of consumer behaviour ?

(1) J.M. Keynes

(2) Milton Friedman

(3) Duesenberry

(4) James Tobin

30. Which type of demand for money depends on rate of interest ?

(1) Level of transaction in the economy

(2) Demand for emergent future needs

(3) Level of economic development

(4) Level of speculation

prepp Your Personal Exams Guide

Prepp Your Personal Exams Guide

31. निम्नलिखित में से किसने अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के लिये अवसर लागत सिद्धांत का प्रतिपादन किया ?
(1) डेविड रिकार्डो
(2) जे.एस. मिल
(3) जी. हैबर्लर
(4) हैक्सचर तथा ओहलिन

32. दो देशों के मध्य व्यापार की शर्तों का निर्धारण इस प्रकार होता है :
(1) दो व्यापारिक भागीदारों की सौदा करने की शक्ति पर
(2) परस्पर सहमति के आधार पर
(3) अंक्टाड द्वारा रोपित शर्तों के आधार पर
(4) आयातों/निर्यातों की औसत कीमतों तथा आयात-निर्यात की औसत मात्राओं के आधार पर

33. सोलो मॉडल की गलत मान्यता है
(1) अर्थव्यवस्था में पूर्ण रोजगार है ।
(2) उत्पादन रैखिक समरूप उत्पादन फलन में होता है ।
(3) कीमत मजदूरी ब्याज की लोचपूर्ण प्रणाली
(4) श्रम और पूँजी एक-दूसरे के लिए प्रतिस्थापन नहीं है ।

34. तत्त्व उत्क्राम्यता परीक्षण पूरा होता है जबकि
(1) $P_{01} \times P_{10} = 1$
(2) $P_{01} \times P_{12} \times P_{20} = 1$
(3) $P_{01} \times Q_{01} = \frac{\Sigma P_1 Q_1}{\Sigma P_0 Q_0}$
(4) $P_{01} \times Q_{01} = 1$

35. 2014 से लेकर अब तक भारत के किस राज्य को सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है ?
(1) गुजरात
(2) दिल्ली
(3) कर्नाटक
(4) महाराष्ट्र

31. Who among the following propounded the opportunity cost theory of international trade ?
(1) David Ricardo
(2) J.S. Mill
(3) G. Haberler
(4) Heckscher and Ohlin

32. Terms of trade between two countries are determined by
(1) Bargaining power of the two trading partners.
(2) Mutual considerations.
(3) Conditions laid down by UNCTAD.
(4) Average prices of imports/exports and average quantities of imports and exports.

33. The incorrect assumption of the Solow Model is
(1) There is full employment in the economy.
(2) Production is under linear homogenous production function.
(3) Flexible system of price wage interest.
(4) Labour and capital are not substitutable for each other.

34. Factor reversal test is satisfied when
(1) $P_{01} \times P_{10} = 1$
(2) $P_{01} \times P_{12} \times P_{20} = 1$
(3) $P_{01} \times Q_{01} = \frac{\Sigma P_1 Q_1}{\Sigma P_0 Q_0}$
(4) $P_{01} \times Q_{01} = 1$

35. Which state of India has received highest amount of FDI since 2014 ?
(1) Gujarat
(2) Delhi
(3) Karnataka
(4) Maharashtra

www.prepp.in

36. जैविक खेती का सूत्रपात भारत में निम्न मान्यताओं को लेकर किया गया है :
(1) कि फसलों की उत्पादकता में वृद्धि हेतु उन्नत बीजों तथा उर्वरकों का उपयोग किया जाएगा ।
(2) कि कृषकों को सिंचाई तथा अच्छे बीजों की आपूर्ति अवश्य होगी ।
(3) कि कृषक रसायनों पर आधारित खाद तथा कृमिनाशक दवाओं का उपयोग नहीं करेंगे ।
(4) कि कृषक खेत पर तैयार किए गए उर्वरकों का उपयोग करेंगे ।

37. हाल ही में स्थापित राष्ट्रीय कृषि बाजार (नाम) का प्रमुख उद्देश्य क्या है ?
(1) कृषक को उसकी उपज का उचित मूल्य दिलाना ।
(2) समूचे देश में कृषक को ई-बाज़ार की उपयुक्त सुविधा देना ।
(3) कृषकों को चयनित-नियमित थोक बाज़ारों में ई-विपणन की सुविधा देना ।
(4) कृषकों के बीच उनके कल्याण के लिये लाभ का वितरण ।

38. UDAY का क्या अर्थ है ?
(1) संयुक्त वितरण प्राधिकरण
(2) उज्ज्वल डिस्कॉम आश्वासन योजना
(3) उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आसाम तथा उड़ीसा राज्यों का संघ
(4) इनमें से कोई भी नहीं

39. केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदत्त सब्सिडी का अधिकतम भाग निम्न को प्राप्त होता है :
(1) उर्वरक
(2) पैट्रोल, डीज़ल तथा रसोई गैस
(3) खाद्य सुरक्षा
(4) शिक्षा एवं स्वास्थ्य

36. Organic farming in India is based on the following premises :
(1) that productivity of crops will be raised via HYV seeds and fertilizers.
(2) that assured irrigation and better seeds will be available to farmers.
(3) that farmers will avoid using nutrients and pesticides based on chemicals.
(4) farmers will use farm grown manure.

37. What has been the main objective of recent National Agricultural Market (NAM) ?
(1) To offer fair prices to farmers for their produce.
(2) To set up an appropriate e-market for farmers across the country.
(3) To provide e-marketing facility to farmers in selected regulated wholesale markets.
(4) To distribute the benefits among farmers for their welfare.

38. What does UDAY refer to ?
(1) United Distribution Authority
(2) Ujjwal Discom Assurance Yojana
(3) Consortium of states like U.P., Delhi, Assam and Odisha
(4) None of the above

39. Highest share of subsidies given by Central Government is given for
(1) Fertilizers
(2) Petrol, Diesel and LPG
(3) Food security
(4) Education and Health

www.prepp.in

40. वर्तमान में दालों की उपलब्धता में कमी तथा बढ़ती हुई कीमतों का प्रमुख कारण निम्न है :
(1) दालों के उपभोग में वृद्धि ।
(2) व्यापारियों द्वारा जमाखोरी ।
(3) दालों के क्षेत्र तथा उत्पादन में अनवरत गिरावट ।
(4) दालों के निर्यात के कारण आपूर्ति में कमी ।

41. राजस्थान के मानव विकास सूचकांक के अनुसार, निम्न में से किस जिले का मानव विकास सूचकांक उच्चतम है ?
(1) जयपुर (2) कोटा
(3) गंगानगर (4) जोधपुर

42. निम्नलिखित में से कौन से अर्थशास्त्री द्वारा अर्थशास्त्र को मानवीय जीवन की सामान्य क्रियाओं के अध्ययन के रूप में परिभाषित किया गया है ?
(1) पीगू (2) मार्शल
(3) क्लार्क (4) रिकार्डो

43. निम्नांकित में से कौन सा विकल्प समष्टि अर्थशास्त्र की विषयवस्तु नहीं है ?
(1) वस्तु का कीमत निर्धारण
(2) व्यापार चक्र
(3) बेरोजगारी
(4) राष्ट्रीय आय

44. आर्थिक समस्या का सम्बन्ध है
(1) संसाधनों की दुर्लभता ।
(2) आवश्यकताओं की दुर्लभता ।
(3) आय की दुर्लभता ।
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. 'क्या है' का सम्बन्ध है
(1) आदर्शात्मक आर्थिक विश्लेषण से ।
(2) वास्तविक आर्थिक विश्लेषण से ।
(3) स्थैतिक आर्थिक विश्लेषण से ।
(4) प्रावैगिक आर्थिक विश्लेषण से ।

40. The present shortage and rising prices of pulses can be attributed primarily to
(1) Increase in consumption of pulses
(2) Hoarding by traders
(3) Consistent decline in the area and production of pulses
(4) Export of pulses and fall in supply

41. According to the Human Development Index for Rajasthan, among the following which district has the highest rank in Human Development ?
(1) Jaipur (2) Kota
(3) Ganganagar (4) Jodhpur

42. Who propounded that economics is the study of mankind in ordinary business of life ?
(1) Pigou (2) Marshall
(3) Clark (4) Ricardo

43. Which one of the following is not the subject-matter of macro economics ?
(1) Price determination of a commodity
(2) Trade cycle
(3) Unemployment
(4) National Income

44. Economic problem is related to
(1) Scarcity of resources
(2) Scarcity of wants
(3) Scarcity of income
(4) None of the above

45. 'What is' related to
(1) Normative economic analysis
(2) Positive economic analysis
(3) Static economic analysis
(4) Dynamic economic analysis

46. भारतीय अर्थव्यवस्था है
(1) केन्द्रीयकृत नियोजित अर्थव्यवस्था
(2) बाजार अर्थव्यवस्था
(3) मिश्रित अर्थव्यवस्था
(4) पूँजीगत अर्थव्यवस्था

47. मौद्रिक सकल राष्ट्रीय उत्पाद मापता है, एक विशेष वर्ष में उत्पादन के मूल्य को
(1) चालू कीमतों पर
(2) स्थिर कीमतों पर
(3) पूँजी ह्रास को घटाकर
(4) विदेशी आय को जोड़कर

48. तटस्थता वक्र विश्लेषण आधारित है
(1) गणनावाचक उपयोगिता दृष्टिकोण
(2) क्रमवाचक उपयोगिता दृष्टिकोण
(3) (1) और (2) दोनों
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

49. एक तटस्थता वक्र पर दो वस्तुओं के मध्य प्रतिस्थापन की दर मापी जाती है
(1) MRT द्वारा (2) MRTS द्वारा
(3) MRS द्वारा (4) उपर्युक्त सभी से

50. एक उपभोक्ता का अनुकूलतम वस्तु संयोग उस बिन्दु पर स्थापित होगा जहाँ
(1) $MRS_{xy}$ एवं कीमत अनुपात बराबर हो ।
(2) $\frac{MU_1}{MU_2} = \frac{P_1}{P_2}$
(3) (1) व (2) दोनों सत्य हैं ।
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

51. निम्नांकित में से कौन सा विकल्प माँग का निर्धारक नहीं है ?
(1) उपभोक्ता की आय
(2) उत्पादक की आय
(3) वस्तु की कीमत
(4) उपभोक्ता का अभिमान

46. Indian economy is
(1) Centrally planned economy
(2) Market economy
(3) Mixed economy
(4) Capitalist economy

47. Nominal GNP measures the value of output in a particular year
(1) at current prices
(2) at constant prices
(3) minus capital depreciation
(4) plus foreign income

48. The indifference curve analysis is based on
(1) Cardinal utility approach
(2) Ordinal utility approach
(3) Both (1) and (2)
(4) None of the above

49. The rate of substitution between two goods on an indifference curve is measured by
(1) MRT (2) MRTS
(3) MRS (4) All the above

50. The optimum bundle of the consumer is located at the point where
(1) $MRS_{xy}$ equals price ratio
(2) $\frac{MU_1}{MU_2} = \frac{P_1}{P_2}$
(3) Both (1) and (2) are true.
(4) None of the above

51. Which one of the following is not the determinant of demand ?
(1) Consumer's Income
(2) Producer's Income
(3) Price of the good
(4) Preference of the consumer

52. प्रतिस्थापक वस्तुओं के लिए माँग की तीरछी कीमत लोच हमेशा होती है

(1) गैर-ऋणात्मक (2) गैर-धनात्मक
(3) ऋणात्मक (4) धनात्मक

53. एक रैखिक माँग वक्र के मध्य बिंदु पर माँग की कीमत लोच होती है

(1) इकाई के बराबर
(2) इकाई से कम
(3) इकाई से अधिक
(4) शून्य के बराबर

54. एक आयताकार अतिपरवलय वक्र के लिए माँग की कीमत लोच हमेशा होती है

(1) शून्य
(2) इकाई
(3) अनंत
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. निम्नलिखित में से कौन सा कथन अल्पकालीन उत्पादन फलन के लिए सत्य नहीं है ?

(1) उत्पादन का एक साधन स्थिर रहता है ।
(2) उत्पादन के कुछ साधन स्थिर रहते हैं ।
(3) उत्पादन के सभी साधन स्थिर रहते हैं ।
(4) उत्पादन का एक साधन परिवर्तनशील रहता है ।

56. उत्पादन फलन $Q = AK^{\alpha} L^{\beta}$ में पैमाने के स्थिर प्रतिफल उत्पन्न होते हैं, जब

(1) $\alpha + \beta > 1$ (2) $\alpha + \beta < 1$
(3) $\alpha + \beta = 1$ (4) $\alpha + \beta = 0$

57. जब AC गिरती है, तब MC

(1) लगातार गिरती है ।
(2) गिरने के पश्चात बढ़ना प्रारम्भ होती है ।
(3) लगातार बढ़ती है ।
(4) बढ़ने के पश्चात गिरना प्रारम्भ होती है ।

52. Cross price elasticity of demand for substitute goods is always

(1) Non-negative (2) Non-positive
(3) Negative (4) Positive

53. Price elasticity of demand at the mid-point of a linear demand curve is

(1) Equal to unity
(2) Less than unity
(3) Greater than unity
(4) Equal to zero

54. Price elasticity of demand for a rectangular hyperbola curve is always

(1) Zero
(2) Unity
(3) Infinity
(4) None of the above

55. Which one of the following statements is not true for a short-run production function ?

(1) One of the factors of production is fixed.
(2) Some of the factors of production are fixed.
(3) All the factors of production are fixed.
(4) One of the factors of production is variable.

56. In a production function $Q = AK^{\alpha} L^{\beta}$, constant returns to scale occurs when

(1) $\alpha + \beta > 1$ (2) $\alpha + \beta < 1$
(3) $\alpha + \beta = 1$ (4) $\alpha + \beta = 0$

57. When AC declines, the MC :

(1) Continuously declines
(2) Starts rising after decline
(3) Continuously increase
(4) Starts declining after rise

www.prepp.in

58. यदि कीमत के परिवर्तन के बाद भी किसी वस्तु की माँगी जाने वाली मात्रा में कोई परिवर्तन न हो, तो माँग की कीमत लोच का गुणांक होगा

(1) इकाई से अधिक
(2) इकाई के बराबर
(3) इकाई से कम
(4) शून्य

59. एक फर्म सामान्य लाभ कमाती है जब

(1) TR > TC
(2) TR = TC
(3) TR < TC
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

60. GNP एवं GDP में अन्तर है

(1) विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय का
(2) विशुद्ध अप्रत्यक्ष करों का
(3) विशुद्ध निर्यातों का
(4) मूल्यह्रास का

61. राष्ट्रीय आय है

(1) प्रवाह चर
(2) स्टोक चर
(3) अनुपात चर
(4) उपर्युक्त सभी

62. पूर्ण प्रतिस्पर्धी फर्म का अल्पकालीन पूर्ति वक्र होता है

(1) उत्पादन - बन्द बिन्दु के ऊपर का वह हिस्सा जिसमें MC वक्र ऊपर की ओर उठता हुआ होता है ।
(2) शून्य-लाभ बिन्दु के ऊपर का वह हिस्सा जिसमें MC वक्र ऊपर की ओर उठता हुआ होता है ।
(3) AC वक्र के ऊपर का वह हिस्सा जिसमें MC वक्र ऊपर की ओर उठता हुआ होता है ।
(4) MC वक्र का ऊपर उठता हुआ हिस्सा ।

58. If the quantity of a commodity demanded remains unchanged as its price changes, the coefficient of price elasticity of demand will be

(1) greater than 1
(2) equal to one
(3) smaller than 1
(4) zero

59. A firm will earn normal profit when

(1) TR > TC
(2) TR = TC
(3) TR < TC
(4) None of the above

60. The difference between GNP and GDP is

(1) Net factor income from abroad
(2) Net indirect taxes
(3) Net exports
(4) Depreciation

61. National Income is

(1) Flow variable
(2) Stock variable
(3) Ratio variable
(4) All the above

62. The short-run supply curve of the perfectly competitive firm is

(1) the rising portion of its MC curve over and above the shut-down point.
(2) the rising portion of its MC curve over and above the break-even point.
(3) the rising portion of its MC curve over and above the AC curve.
(4) the rising portion of its MC curve.

www.prepp.in

63. प्राथमिक घाटा है
(1) आगम प्राप्तियाँ – आगम व्यय
(2) राजकोषीय घाटा – कर आगम
(3) राजकोषीय घाटा – ब्याज भुगतान
(4) आगम प्राप्तियाँ – गैर-कर आगम

64. व्यापार संतुलन के संघटक हैं
(1) वस्तुओं के आयात एवं निर्यात ।
(2) सेवाओं के आयात एवं निर्यात ।
(3) वस्तुओं तथा सेवाओं के आयात एवं निर्यात ।
(4) उपर्युक्त सभी

65. निम्नलिखित में से कौन सा सम्बंध सत्य है ?
(1) समान्तर माध्य > माध्यिका > बहुलक
(2) माध्यिका > समान्तर माध्य > बहुलक
(3) बहुलक > माध्यिका > समान्तर माध्य
(4) उपर्युक्त सभी

66. समान्तर माध्य से विभिन्न मूल्यों के विचलनों के वर्गों का जोड़ होता है
(1) न्यूनतम
(2) अधिकतम
(3) शून्य
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. कूर्नो मॉडल के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा कथन असत्य है ?
(1) द्विएकाधिकारी अपनी अन्तर्निर्भरता नहीं मानते हैं ।
(2) प्रत्येक द्विएकाधिकारी यह मानता है कि उसके प्रतिद्वन्द्वी का उत्पादन स्थिर रहता है ।
(3) प्रत्येक द्विएकाधिकारी यह मानता है कि उसका प्रतिद्वन्द्वी कीमत स्थिर रखता है ।
(4) उपर्युक्त सभी



63. Primary deficit is
(1) Revenue receipts – Revenue expenditure
(2) Fiscal deficit – Tax Revenue
(3) Fiscal deficit – Interest payments
(4) Revenue receipts – Non-tax revenue

Prepp
Your Personal Exams Guide

64. Components of Balance on Trade are
(1) Exports and Imports of goods
(2) Exports and Imports of services
(3) Exports and Imports of goods and services
(4) All the above

65. Which one of the following relationship is true ?
(1) A.M. > Median > Mode
(2) Median > A.M. > Mode
(3) Mode > Median > A.M.
(4) All the above

66. The sum of squares of deviations of different values from their arithmetic mean is
(1) Minimum
(2) Maximum
(3) Zero
(4) None of the above

67. Which of the following statements is false in the context of Cournot model ?
(1) The duopolists do not recognise their interdependence.
(2) Each duopolist assumes the other will keep its quantity constant.
(3) Each duopolist assumes the other will keep its price constant
(4) All the above

www.prepp.in

68. यदि उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति शून्य हो, तब सरल निवेश गुणक का मान होगा

(1) शून्य

(2) एक

(3) ∞

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. आय के बढ़ने पर उपभोग भी समानुपातिक बढ़ता है लेकिन आय के गिरने पर यह समानुपातिक नहीं गिरता, कहलाता है

(1) धन प्रभाव

(2) ब्याज दर प्रभाव

(3) रैचट प्रभाव

(4) प्रदर्शन प्रभाव

70. कीन्स के मुद्रा की सट्टा माँग में कुल धन रखा जाता है

(1) बॉण्ड में

(2) मुद्रा में

(3) या तो बॉण्ड में या मुद्रा में

(4) बैंक जमाओं के रूप में

71. टॉबिन का तरलता अधिमान फलन सुधार है

(1) फिशर के मुद्रा परिमाण सिद्धान्त पर

(2) केम्ब्रिज के मुद्रा परिमाण सिद्धान्त पर

(3) कीन्स के मुद्रा के सौदे माँग उद्देश्य पर

(4) कीन्स के मुद्रा के सट्टे माँग उद्देश्य पर

72. बॉमोल के अनुसार वास्तविक नकद शेषों की सौदा माँग निर्भर करती है

(1) केवल आय स्तर पर

(2) केवल ब्याज दर पर

(3) आय स्तर और ब्याज दर पर

(4) उपर्युक्त में से किसी पर नहीं



68. If MPC is zero, then the value of a simple investment multiplier will be

(1) zero

(2) one

(3) ∞

(4) none of the above

69. Consumption increases proportionately as income increases but does not fall proportionately as income falls, is called

(1) Wealth effect

(2) Interest rate effect

(3) Ratchet effect

(4) Demonstration effect

70. In the Keynesian speculative demand for money, the total wealth is held

(1) Bonds

(2) Money

(3) Either Bonds or Money

(4) In the form of bank deposits

71. Tobin's liquidity preference function is improvement over

(1) Fisher's quantity theory of money

(2) Cambridge quantity theory of money

(3) Keynesian transaction demand for money motive

(4) Keynesian speculative demand for money motive

72. According to Baumol, the transaction demand for real cash balances depends

(1) only on income level

(2) only on interest rate

(3) both on income level and interest rate

(4) none of the above



prepp Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

73. यदि एक राष्ट्र को अन्य राष्ट्र के संदर्भ में दोनों ही वस्तुओं पर निरपेक्ष अलाभ एकसमान हो तब

(1) पारस्परिक लाभप्रद व्यापार स्थापित होगा ।

(2) पारस्परिक लाभप्रद व्यापार स्थापित नहीं होगा ।

(3) अन्य राष्ट्र को व्यापार से अधिक लाभ होगा ।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

74. दिया गया है $TC = Q^3 - 10Q^2 + 4Q + 100$, तब $Q = 5$ पर MC का मान होगा

(1) –17 (2) +17

(3) –21 (4) +21

75. निम्न अपकिरण-मापों में से कौन सा माप श्रेणी के सभी पद-मूल्यों पर आधारित है ?

(1) विस्तार

(2) चतुर्थक विचलन

(3) मानक विचलन

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

76. निम्नलिखित में से कौन सा कथन IS-LM मॉडल के संदर्भ में सत्य है ?

(1) LM वक्र के कीन्स की सीमा में राजकोषीय नीति प्रभावी रहती है ।

